**आरोप** रेस्ट हाउस बुलाकर घंटों कराया इंतजार, बिना मुलाकात लौटना पड़ा

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का आरोप

**नवभारत,ब्यौहारी।** ब्यौहारी की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को कथित रूप से समय मिलने के बावजूद बिना मुलाकात लौटना पड़ा। इस घटना के बाद कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन पर जनता की आवाज को अनसुना करने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। ब्योहारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी पिंटू के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल ब्यौहारी सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी, रिक्त नर्सिंग पदों और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को लेकर ज्ञापन सौंपने पहुंचा था।

### समय दिया... इंतजार कराया...फिर नहीं मिले उपमुख्यमंत्री

प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि पहले उन्हें गोदवाल तिराहा पर ज्ञापन देने के लिए रोका गया, बाद में प्रशासन ने स्थानीय रेस्ट हाउस में मिलने का समय दिया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार वे तय समय पर रेस्ट हाउस पहुंचे और लंबे समय तक इंतजार करते रहे, लेकिन उपमुख्यमंत्री उनसे मिलने नहीं आए। उनका आरोप है कि प्रशासन ने भी मुलाकात न होने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया इस घटनाक्रम पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि जनता की समस्याएं सुननी ही नहीं थीं, तो मिलने का समय देकर इंतजार क्यों कराया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी पिंटू ने आरोप लगाया कि ब्यौहारी का सिविल अस्पताल लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री यदि स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर आए प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात नहीं करते, तो सरकार की संवेदनशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अस्पताल की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया तो कांग्रेस जनआंदोलन तेज करेगी। प्रतिनिधिमंडल में नगर कांग्रेस अध्यक्ष हरि सिंह, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम कोल, ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष आयुष्मान ताम्रकार, पार्षद गीता कोल, जिला सचिव पुष्पेंद्र परोहा, ब्लॉक महासचिव आशीष शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता श्वल्लीश, युवा कांग्रेस ब्लॉक महासचिव सूर्य प्रकाश पाठक, सोशल मीडिया अध्यक्ष अभिषेक सिंह, नगर उपाध्यक्ष प्रियदर्शी तिवारी, मंडलम अध्यक्ष विनय द्विवेदी, ब्लॉक महासचिव पप्पू साकेत, अनिल नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### मुलाकात नहीं होने पर कांग्रेस का हमला

स्वास्थ्य मंत्री का जनता की समस्याओं को अनदेखा करना उनकी असंवेदशीलता को दर्शाता है। ब्यौहारी सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है, यहाँ की जनता इलाज के लिए तरस रही है, डॉक्टरों कीहो तत्काल नियुक्ति। रिक्त नर्सिंग एवं अन्य स्वास्थ्य पदों पर शीघ्र भर्ती। अस्पताल में आवश्यक संसाधन और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार ।समय देने के बावजूद प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात क्यों नहीं हुई? क्या स्वास्थ्य मंत्री के पास जनता की स्वास्थ्य समस्याएं सुनने का समय नहीं है? ब्यौहारी अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफकी कमी कब दूर होगी।

### इनका कहना है

ब्यौहारी की जनता डॉक्टर मांग रही है, सरकार बहाने दे रही है। स्वास्थ्य मंत्री यदि जनता की आवाज सुनने से बचेंगे, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक जनता की लड़ाई लड़ती रहेगी। अब जनता जवाब चाहती है, सिर्फआश्वासन नहीं।

**सतेन्द्र त्रिपाठी पिंटू**
**ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ब्योहारी**

# उपमुख्यमंत्री के कर-कमलों से हुआ बहुचर्चित पुस्तक का विमोचन

**▸ भारतीय ज्ञान परंपरा को डिजिटल युग से जोड़ने का मिला नया आयाम**




**नवभारत,ब्यौहारी।** भारतीय संस्कृति, परंपरा और आधुनिक प्रौद्योगिकी के समन्वय पर आधारित बहुचर्चित पुस्तक डिजिटल युग में भारतीय ज्ञान परंपरा , परिवर्तन एवं प्रौद्योगिकी का अद्भुत समन्वयष् का भव्य विमोचन मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के कर-कमलों से गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम शिक्षा, संस्कृति और तकनीक के संगम का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। समारोह में क्षेत्र के विधायक शरद जुगलाल कोल, सांसद राजेश मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि यह पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत को आधुनिक डिजिटल युग के संदर्भ में नई दृष्टि प्रदान करती है। उन्होंने इसे परंपरा और प्रौद्योगिकी के बीच एक सशक्त सेतु बताते हुए कहा कि यह कृति नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान की प्रासंगिकता को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक एवं संपादक डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी तथा सह-संपादकों का विशेष सम्मान किया गया। अतिथियों ने उनके शोधपरक, अकादमिक एवं रचनात्मक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रकाशन भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, अनुसंधान, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा डिजिटल तकनीक के समन्वय पर सार्थक विचार-विमर्श भी हुआ। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि आधुनिक तकनीक का उपयोग भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। गरिमामय वातावरण में संपन्न यह विमोचन समारोह शिक्षा, संस्कृति और नवाचार के समन्वय का एक यादगार अवसर बन गया। उपस्थित अतिथियों ने पुस्तक की उपयोगिता की सराहना करते हुए इसके व्यापक अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर में

### नीट परीक्षा में अभिराज जैन ने 4175वीं रैंक प्राप्त की



**नवभारत, बुढार।** नगर के अविराजब जैन ने नीट 2026 परीक्षा में 4175सी रैंक प्राप्त कार नगर का गौरव बढ़ाया है। श्रीमती संगीता जैन मुकेश (प्रेम कलेक्शन बुढार)के सुपुत्र अविराज जैन ने 10ह्लद्ध तक की शिक्षा डीएवी बुढार से प्राप्त की एवं आगे की पढ़ाई के लिए बुरहानपुर के .माइक्रो विज़न अकादमी का चयन किया जहां आनंद चौकसे एवं श्रीमति विजया चौकसे का उचित मार्गदर्शन प्राप्त होने पर सर्वप्रथम 12वी की परीक्षा में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पांचवा स्थान दर्ज किया उसके बाद पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा में भी 720 में से 625 अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा स्थान एवं एआईआर 4175 प्राप्त किया। अविराज जैन की इस सफलता पर नगरवासियों, जैन समाज के लोगों एवं इस्ट मित्रों ने बधाईयां प्रेषित की है जिनमे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्रीमती शालिनी शरावगी, रविकांत चौरसिया,पुष्पेंद्र ताम्रकार राजकुमार सरागवी (राजा भैया )अर्जुन शोनी, कृष्ण कांत गुप्ता, कैलाश विश्वानी, धर्मेंद्र पाण्डेय सहित कई नगर के लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महर्षि विद्या मंदिर के दो विद्यार्थियों ने नीट में लहराया परचम



**नवभारत,शहडोल ।** महर्षि विद्या मंदिर, शहडोल के छात्र गर्वेस प्रताप सिंह (पिता विक्रम सिंह, माता गीता सिंह) ने एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु आयोजित नीट परीक्षा में 720 अंकों में से 479 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसी प्रकार विद्यालय की छात्रा छवि सिंह बागरी (पिता राकेश सिंह बागरी, माता अनीता सिंह बागरी) ने भी 720 अंकों में से 471 अंक अर्जित कर अपने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए विद्यालय एवं शहडोल संभाग का नाम गौरवान्वित किया। छवि सिंह बागरी इससे पूर्व सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भी 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने दोनों मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नशा मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सबसे बड़ी ताकत : पांडे

**▸ नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत निकाली गई जन-जागरूकता रैली**




**धनपुरी,धनपुरी /बुढ़ार।** शहडोल जिले में पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत पुलिस प्रशासन लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। अभियान का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इसी क्रम में शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) कार्यालय धनपुरी से एक विशाल जन-जागरूकता पैदल मार्च निकाला गया। यह रैली एसडीओपी कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। रैली के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस जन-जागरूकता रैली में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विकास पांडे, नगर निरीक्षक धनपुरी खेम सिंह अमलाई थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे बुढार थाना थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार व अन्न क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सभी ने लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीओपी विकास पांडे ने कहा कि 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने का एक व्यापक जन-जागरूकता आंदोलन है। नशा व्यक्ति, परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है।

# तथाकथित जनता को ढाल बना ठेकेदार कर रहा अनियमितताएं

**नवभारत,धनपुरी।** वार्ड क्रमांक 12 में एक बार पुन: अमानक स्लैब निर्माण कार्य में वृहद अनियमितताएं देखने को मिली थी जिसकी खबर नवभारत दैनिक समाचार पत्र ने बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित किया था ज्ञात है की वार्ड क्रमांक 12 स्थित कोलान दफाई में वार्ड नंबर 10 एवं 12 के मध्य बनी जर्जर नाली के ऊपर स्लैब निर्माण किया गया है हास्यास्पद बात यह की इस कार्य को जिस संबंधित फर्म और बुढार निवासी ठेकेदार के द्वारा किया गया वार्ड वासियों का कहना है की ठेकेदार ने वार्ड में कार्य लिया जरूर लेकिन अमानक और गुणवत्ताविहीन स्लैब किसी दूसरी जगह पर बनाकर यहां पर नाली के ऊपर लाकर ठेकदार के द्वारा सेट कर दिया पर सेट



किया हुआ स्लैब देखकर प्रतीत यह होता है की किसी नवसिखिए ठेकेदार ने स्लैब निर्माण कार्य में जमकर घोटाला किया है लेकिन चिंता की बात इससे भी ज्यादा यह है की नाली के ऊपर जो स्लैब एक व्यवस्थित और उन्नत रूप से रखे जाने चाहिए थे उन्हीं स्लैब्स को अव्यवस्थित एवं लीपापोती करते हुए नालियों के ऊपर रखकर खानापूर्ति कर दी गई है संबंधित ठेकेदार के द्वारा किया गया यह निर्माण कार्य सर्वदा अनुचित और भ्रष्टाचार युक्त दिखाई दे रहा है इस बार कार्यवाही ना होना संदेहास्पद है।

### जांच के लिए पहुंची नपा टीम ठेकेदार ने बना दिया नया सीन

जब इस खबर को नवभारत ने प्रमुखता से प्रकाशित किया उसके बाद प्रशासन हरकत में आया और अमानक स्लैब की जांच साथ ही अनियमित तरीके से उसे रखे जाने की जांच के लिए धनपुरी नगर पालिका के सहायक उप यंत्री सिद्धार्थ सोनी पहुंचे तो वहां पर वार्ड के कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी स्वयंभू तरीके से प्रगट हो गए और नपा की जांच में विघ्न डालने का प्रयत्न किया यह बात स्वयं चर्चा के दौरान सहायक उपयंत्री सिद्धार्थ सोनी ने कहीं लेकिन इस प्रकार से शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करने वालों पर किसी भी प्रकार की शिकायत का नगर पालिका परिषद धनपुरी के द्वारा ना दर्ज करवाना समझ से परे हैं किंतु यह बात स्पष्ट रूप से उजागर हुई है की धनपुरी नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और गुणवत्ता के साथ भारी समझौता कर नगर पालिका प्रशासन को ठेंगा दिखाकर गुणवता विहीन कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

### नपा की कार्यवाही से बौखलाया ठेकेदार, मांगा तीन दिन का समय

नपा की कार्यवाही से बौखलाए ठेकेदार ने नपा प्रशासन से तीन दिवस का समय मांगा है और अगर तीन दिवस के भीतर किसी भी प्रकार से निविदा शर्तों के अनुरूप स्लैब कार्य में सुधार नहीं किया जाता तो उसके खिलाफ नगर पालिका परिषद धनपुरी क्या कार्यवाही करती है यह देखना दिलचस्प होगा।

# बरसात में बढ़ा मच्छरजनित व जलजनित बीमारियों का खतरा

**▸ स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी**

**नवभारत,शहडोल ।** वर्षाकाल के दौरान बढ़ती नमी, अनुकूल तापमान और विभिन्न स्थानों पर जलभराव के कारण मच्छरों एवं बैक्टीरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, टायफाइड, डायरिया सहित अन्य मच्छरजनित एवं जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा आवश्यक सावधानियां



अपनाने की अपील की है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफऔर ठहरे हुए पानी में पनपता है। इसलिए खेतों, गड्ढों, पुराने टायरों, कूलरों, गमलों, फ्रिज की ट्रे, पशुओं के नाद तथा अन्य स्थानों पर पानी जमा न होने दें। कूलर, फूलदान एवं अन्य पानी के पात्रों का पानी सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य बदलें। जिन स्थानों से पानी हटाना संभव न हो, वहां मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए खाद्य तेल, केरोसिन अथवा जला हुआ ऑयल डाला जा सकता है। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें तथा आवश्यकता होने पर कीटनाशकों का छिड़काव कराएं ।विभाग ने बताया कि बारिश के मौसम में दूषित पानी एवं अस्वच्छ भोजन के सेवन से पीलिया, टायफाइड, डायरिया, पेचिश और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। नागरिक हमेशा शुद्ध एवं उबला हुआ पानी पिएं, भोजन को ढककर रखें, सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थों का सेवन न करें तथा फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही उपयोग में लाएं। भोजन करने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं तथा खुले में शौच करने के बजाय शौचालय का उपयोग करें। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते, उल्टी या दस्त जैसे लक्षण दिखाई दें तो स्वयं दवा लेने (सेल्फमेडिकेशन) के बजाय तुरंत नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र अथवा चिकित्सक से संपर्क करें। समय पर जांच और उचित उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव है।

# 3 ग्राम पंचायत करुआ में नशामुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक




**नवभारत,गोहपारू ।** जिला पुलिस बल शहडोल द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करुआ में ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान गोहपारू थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। पुलिस द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी नशे की लत से बचाने के लिए जागरूक करें।

थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर बुरा प्रभाव डालता है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। इस अवसर पर ग्रामीणों सहित बच्चे भी मौजूद रहे।

# गोहपारू चौराहा के पास नफीस बस में लगी आग

**▸ पुलिस आरक्षक मोनू शर्मा की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

**नवभारत,गोहपारू ।** गोहपारू चौराहा के पास बुधवार रात करीब 10 बजे नफीस बस में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिस आरक्षक मोनू शर्मा ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।




बताया गया कि बस में आग लगने के बाद यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। ऐसे समय में पुलिस आरक्षक मोनू शर्मा ने सूझबूझ और साहस दिखाते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आरक्षक मोनू शर्मा की तत्परता और बहादुरी की स्थानीय लोगों ने सराहना की। उनकी समय पर की गई कार्रवाई से बस में सवार कई यात्रियों की जान बच गई। घटनाक्रम के दौरान पुलिस की समय पर मौजूदगी और त्वरित कार्रवाई लोगों के लिए राहत का कारण बनी ।पुलिस आरक्षक मोनू शर्मा की बहादुरी की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# एसईसीएल सुहागपुर एरिया में पार्किंग व्यवस्था बदहाल

**नवभारत,धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय से लेकर कार्मिक प्रबंधक कार्यालय तक वाहन पार्किंग की अव्यवस्थित तस्वीरें प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। एक ओर अधिकारियों की ओर से कार्यालय परिसर में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आती है। कार्यालय परिसरों में जहां-तहां खड़े वाहन न केवल अनुशासनहीनता को दर्शाते हैं, बल्कि सुरक्षा और सुचारु आवागमन की व्यवस्था पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं जिससे आम लोगों में परेशानी



उत्पन्न होती है। बताया जाता है कि महाप्रबंधक द्वारा समय-समय पर कार्यालय परिसर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश एरिया सुरक्षा विभाग को दिए जाते रहे हैं। इसके बावजूद सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार सोहागपुर महाप्रबंधक के निर्देशों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह हमेशा अपने कार्यालय से नदारत रहते हैं व उनके अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारी भी बैठकर अपना समय काटते हैं जिसका प्रभाव धरातल पर दिखाई नहीं देता। सुरक्षा विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कितनी गंभीरता से कर रहा है, इसका अंदाजा कार्यालय परिसर की मौजूदा स्थिति देखकर सहज ही लगाया जा सकता है।

यदि एरिया कार्मिक प्रबंधक कार्यालय की बात करें तो यहां पार्किंग व्यवस्था लगभग भगवान भरोसे दिखाई देती है। जिसकी जहां इच्छा होती है, वह अपना वाहन वहीं खड़ा कर देता है। न तो किसी प्रकार की रोक-टोक होती है और न ही पार्किंग संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाता है। प्रतिदिन इस कार्यालय में बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी एवं आम नागरिक विभिन्न कार्यों से पहुंचते हैं। इसके अलावा इसी परिसर में अन्य विभागों के कार्यालय भी संचालित हैं।

**मांग** उद्योग, सिंचाई, शिक्षा और रोजगार पर सरकार से हस्तक्षेप की अपील

# नागरिकों ने ब्यौहारी में आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग उठाई

**नवभारत,शहडोल।** शहडोल जिले की ब्यौहारी तहसील के समग्र विकास को लेकर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए प्रशासनिक, आर्थिक और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई हैं। उनका कहना है कि आजादी से पूर्व रीवा रियासत के समय से अस्तित्व में रही ब्यौहारी तहसील आज भी विकास की मुख्यधारा से पिछड़ी हुई है। जबकि उस समय की अन्य तहसीलें उमरिया, सोहागपुर और पुष्पराजगढ़, आज अलग-अलग जिलों के रूप में विकसित हो चुकी हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति के लिए



आरक्षित कर सीधी लोकसभा क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। इसके बाद क्षेत्र राजनीतिक रूप से उपेक्षित होता चला गया। सीधी जिले की चार विधानसभा सीटों के कारण सांसदों का अधिक ध्यान वहीं केंद्रित रहा, जबकि ब्यौहारी की समस्याएं लगातार अनदेखी होती रहीं। इसका असर सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे सभी क्षेत्रों पर पड़ा ।क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि 15 वर्ष पूर्व बनी अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। कई सिंचाई बांध गाद से भर गए हैं और उनके गहरीकरण का कार्य वर्षों से लंबित है। हरिवार उद्वहन सिंचाई योजना सहित कई परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन आज तक किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाया। इसी प्रकार ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर भी भारी राशि खर्च होने के बावजूद कई स्थानों पर पाइप लाइन नहीं बिछाई गई, कहीं जल स्रोत उपलब्ध नहीं है तो कहीं योजनाएं अधूरी पड़ी हैं।

ज्ञापन में अवैध रेत उत्खनन को भी गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। आरोप है कि नदी-नालों से प्रतिमाह करोड़ों रुपये मूल्य की रेत का अवैध खनन कर अन्य जिलों और पड़ोसी राज्यों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही है। साथ ही नदियों का स्वरूप बिगड़ रहा है, भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और सड़कें एवं पुल-पुलियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं ।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और संजय अभयारण्य से लगे क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों का भी उल्लेख किया गया है। लोगों का कहना है कि शेर, भालू और हाथियों के हमलों से लगातार जनहानि एवं फसल नुकसान हो रहा है, लेकिन स्थायी रेस्क्यू टीम और त्वरित सहायता केंद्र की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है।

ज्ञापन में महिलाओं के लिए शासकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा संस्थान, कोचिंग सेंटर, सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने, महुआ एवं अन्य वन संपदा के संरक्षण, रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा मनरेगा के कार्यों का विस्तार करने की मांग भी की गई है। साथ ही सिंगरौली-चोपन रेल मार्ग पर लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया गया है, ताकि रोजगार के लिए पलायन करने वाले श्रमिकों को सुविधा मिल सके ।क्षेत्रवासियों ने केंद्र और राज्य सरकार से शहडोल जिले को औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा क्षेत्र घोषित कर उद्योगों को कर में विशेष रियायत देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उद्योगों की स्थापना, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा एवं रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं तो पलायन रुकेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और ब्यौहारी क्षेत्र का बहुप्रतीक्षित समग्र विकास संभव हो सकेगा।


# चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार हेतु उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित

**▸ विभिन्न संवेदनशील मांगों को लेकर प्रभारी मंत्री ने किया आश्वस्त**

**नवभारत, बुढार।** मध्य प्रदेश शासन ने उपमुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल के शहडोल प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री श्रीकृष्ण गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार से संबंधित कई विषयों पर प्रभारी मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए मांग पत्र सौंपा मांगपत्र में जनहित से संबंधित कई गंभीर और संवेदनशील विषयों पर प्रकाश डाला गया जिस पर प्रभारी मंत्री ने मांग पत्र स्वीकारते हुए समस्याओं के निराकरण और मांगों को माने जाने का आश्वासन दिया है।

### उपमुख्यमंत्री से की गई प्रमुख मांगे

भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शहडोल श्रीकृष्ण गुप्ता ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल से निम्नलिखित मांगे की है जो इस प्रकार हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ार में सोनोग्राफी मशीन का संचालन करने व एक्सरे मशीन के आपरेटर को बदलवाने व चिकित्सा



अधिकारी का प्रभार डॉ. श्रीमती शैली जैन को दिए जाने के संबंध में आपके द्वारा कुछ माह पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन किया गया था। परंतु आज दिनांक तक उक्त मशीन प्रारंभ न होने से क्षेत्र की गर्भवती माताओं एवं मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। मजबूरी में उन्हें महंगे निजी सेंटरों पर जाना पड़ रहा है जिसकी वजह से आपकी साख पर बट्टा लग रहा है आपसे निवेदन है कार्यवाही हेतु निर्देशित करें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्सरे मशीन में जो डॉ. / टैक्नीशियन को लगाया गया है, वह अपनी ड्यूटी नही करते है, ड्यूटी के समय यहां वहां घूमते रहते है, जिससे आप जनता को मजबूर प्राइवेट सेंटरो में एक्सरे कराया जाता है। वर्तमान स्थिति-सोनोग्राफी प्रशिक्षण पूर्ण कार्यालय शहडोल के आदेश क्रमांक 3692 5 मई 2026 के पालन में डॉ. श्रीमती शैली जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ ष्ट।ष्ट बुढ़ार द्वारा जिला चिकित्सालय शहडोल में सोनोग्राफी की रिफ्रेशर ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है ।बीएमओ प्रभार का अनुभव डॉ. शैली जैन पूर्व में भी सीएचसी बुढ़ार में बीएमओ के प्रभार में कार्य कर चुकी हैं और केंद्र की व्यवस्था से पूर्णत: परिचित हैं। उनके कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से जनहित में संचलित थीं। स्टाफ की समस्या वर्तमान में डॉ. सचिन कारखुर के पास धनपुरी का स्वतंत्र प्रभार भी है, जिससे बुढ़ार को पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। अत: आपसे विनम्र अनुरोध है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ार में हो रही समस्याओं का तत्काल निराकरण कराए जाने की कृपा करें। इन सभी मांगों को राजेंद्र शुक्ल ने गंभीरता से पढ़ा और निराकरण के लिए आश्वस्त किया।